प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 70 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 07 जुलाई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

नियम विरूद्ध प्रमोशन और दो रेंजो का प्रभार हरवेंद्र बघेल के पास

वन विभाग में अंधेरगर्दी, वन रक्षक को उपकृत करने नियमों को दिखाया अंगूठा

सिवनी यशोः- सिवनी दक्षिण वन मंडल में पदस्थ उप वनपरिक्षेत्र अधिकारी हरवेन्द्र बघेल पर विभागीय अधिकारी जिस तरह से मेहरबान है वह शासन के नियमों के विपरीत होने के साथ ही अन्य विभागीय कर्मचारियों के साथ सीधा अन्याय माना जा रहा है । हरवेन्द्र बघेल को विभागीय उच्चाधिकारियो ने नियमों को ताक पर रख उपकृत करने का काम किया है और उच्च पदो पर पदस्थ कर्मचारियों को अपमानित किया जा रहा है । नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये हरवेन्द्र बघेल को फारेस्ट गार्ड से वनपरिक्षेत्र अधिकारी का प्रभार दिया गया है और एक वन परिक्षेत्र नहीं तीन तीन परिक्षेत्र में प्रभारी बनाने के साथ ही उड़न दस्ता टीम का प्रमुख भी बनाया गया है और करोड़ो रूपये के निर्माण कार्य भी इनके माध्यम से कराये जा रहे है जिसमें गुणवत्ता के कोई मायने नहीं है घटिया स्तर की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है ।

धीमी गति से हो रही है जाँच

जानकारी के अनुसार हरवेन्द्र बघेल को नियम विरूद्ध लाभ पहुंचाने से संबंधित शिकायत विभागीय कर्मचारियों द्वारा की गयी है जिसकी जाँच भी चल रही है परंतु जाँच जिस कछुआ गति से चल रही है वह शिकायत कर्ता के लिये कोई औचित्य की नहीं रह जायेगी ।

सेवा पुस्तिका में किया गया बदलाव

अनेक अनियमितताओं के साथ वन विभाग के उच्चाधिकारी हरवेंद्र बघेल को उपकृत कर रहे है इसके संबंध में हुई शिकायत में कहा गया है कि हर वेन्द्र बघेल अनुकंपा नियुक्ति के माध्यम से वन विभाग कर्मचारी बना है और उसी नियुक्ति सामान्य वर्गीय कर्मचारी के रूप में की गयी है इसके द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर बाद में आरक्षित वर्ग के लाभ प्राप्त कर रहा है । जानकारी के अनुसार कर्मचारी की सेवा पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर सेवा प्रारंभ के समय जो लिखा जाता है उसे बदला नहीं जाता परंतु हरवेन्द्र बघेल की सेवा पुस्तिका में बदलाव हुआ है ।

सीनियारिटी का नियमों को ताक पर रखकर दिया लाभ

इसी प्रकार हरवेन्द्र बघेल ने विभागीय नियमों के अनुसार सिवनी स्थानांतरण नहीं कराया था बल्कि स्वयं के व्यय पर वनरक्षक के पद पर परासिया परिक्षेत्र से 05 सितंबर 2002 को सिवनी स्थानांतरण कराया था । शासन के निम्नानुसार स्वयं के व्यय पर स्थानांतरण करने वाले कर्मचारी को सीनियारिटी का लाभ प्राप्त नहीं होता परंतु हरवेन्द्र बघेल को चालाकी के साथ उच्चाधिकारियों ने स्थानांतरण दिया है । शिकायतकर्त्ता ने आरोपित किया है कि हरवेंद्र बघेल को पदोन्नति देने के लिये विभागीय कर्मचारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को अंधेरे में रखा और उन्हें गुमराह करते हुये हरवेन्द्र बघेल को पदोन्नति प्रदान की है । हरवेन्द्र बघेल की नियुक्ति सामान्य जाति के तहत की गयी है बाद में उसे आरक्षित श्रेणी में बताकर उसे उपकृत किया गया है ।

सूक्ष्म जाँच हुई तो स्पष्ट हो जायेगा कि वनरक्षक को बना दिया वन परिक्षेत्र अधिकारी

शिकायतकर्ता ने कहा है कि, हरवेन्द्र सिंह बघेल के नियुक्ति प्रमाण पत्र, स्थानांतरण आदेश, पदोन्नति से संबंधित दस्तावेज की सूक्ष्म जांच कराई जाये, तो स्पष्ट हो जायेगा कि, हरवेंद्र सिंह बघेल को नियमो को ताक पर रखकर वन रक्षक थे, वनपाल और उपवन बेंत्रपाल पर पदोन्नत किया गया है, इसके साथ ही उसे लंबे समय तक सिवनी में ही पदस्थ रखा जा रहा है, तथा उपवन बेंत्रपाल को कुर्रा वन बेंत्र अधिकारी, गोपालगंज परिक्षेत्र, उडनदस्ता का प्रभार सौंपा गया है, इसके साथ ही सिवनी जैसे जिला मु यालय का प्रभार भी हरवेन्द्र सिंह बघेल को सौंपे जाने की तैयारी की जा रही हैं, जानकारी के अनुसार करोडो रूपये के निर्माण कार्य भी उन्हीं के माध्यम से कराये जा रहे हैं, जिसमे घटिया सामग्री का निर्माण किया जा रहा है, उच्चाधिकारियो से सूक्ष्म जांच की मांग की गई हैं, यहां बता दें कि, हरवेंद्र सिंह बघेल के संबंध मे अनेक बिंदुओं सहित शिकायत की गई हैं, जिसकी जांच उपवन मण्डल अधिकारी योगेश पटेल द्वारा की जा रही है, उन्होने दैनिक यशोन्नति को बताया है कि, शिकायत प्राप्त हुई है जिसकी जांच की जा रही है, और जो भी तथ्य सामने आयेगे उसका प्रतिवेदन उच्चाधिकारियों को सौंप दिया जायेगा, जिसके आधार पर कार्यवाही निर्धारित होगी। यहां बता दें कि, हरवेन्द्र बघेल पर विवाद जिस तरह से मेहरबान है, उससे अनेक कारण सामने आ रहे हैं।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी भाजपा ने

सिवनी यशो :- भारतीय जनसंघ के संस्थापक डां. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती पर बृहस्पतिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि एकता और अखंडता के लिए उन्होंने जो योगदान दिया, उसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा उच्चाशय के विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर ने जिला भाजपा कार्यालय में जयंती के अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुये व्यक्त किये ।

मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो विराट योगदान दिया, उसके हम सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा, 'मुखर्जी ने पहली औद्योगिक नीति की नींव रख भारत की प्रगति के मार्ग प्रशस्त किये। डॉ. मुखर्जी का राष्ट्र-समर्पण और दूरदर्शिता हमें सदैव मार्गदर्शन देगी। देश के ऐसे महान सपूत की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।'

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी ने कहा कि वर्ष 1901 में तत्कालीन कलकत्ता (कोलकाता) में पैदा हुए डॉ. मुखर्जी स्वतंत्र भारत के पहले वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री थे। उन्होंने ज मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाया था। उन्होंने ही कश्मीर को लेकर कहा था कि नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान और यह एक नारा नहीं था यह भाजपा का संकल्प था जिसे लगातार दूसरी बार केंद्र में सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया।

इसके साथ ही कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय, जिला मंत्री संजीव मिश्रा, प्रदेश विधि प्रकोष्ठ संयोजक विनोद खेनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, ने संबोधन किया। कार्यक्रम में समस्त वरिष्ठ जन, भाजपा जिला पदाधिकारी गण, जन प्रतिनिधि गण, कार्यकर्ता बंधु गण नगर पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष एवं सभी मोर्चो के अध्यक्ष। उपस्थित रहे।

जिला ब्राह्मण समाज संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया प्रार भ

ब्लॉक इकाईयों के गठन के पश्चात होगा जिला इकाई का पुनर्गठन

सिवनी यशोः- जिला ब्राह्मण समाज के जिला महासचिव प्रशंत शु ला ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से जिला ब्राह्मण समाज की ब्लॉक एवं जिला संगठन इकाई के पुनर्गठन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि जिला बैठक में लिए गए सर्व स मत निर्णय, के परिपालन में , सामाजिक संगठन पुनर्गठन की विधि स मत प्रक्रिया के अंतर्गत ,विकासखंड संगठन इकाइयों द्वारा अपने-अपने तहसील मु याल में सामाजिक आम बैठक बुलाएँगे !, इन बैठकों में साधारण सदस्यता तथा आजीवन सदस्यता की जावेगी पश्चात , समाज के जिला संगठन प्रतिनिधि मंडल की उपस्थिति में (आवश्यक होने पर निर्वाचन द्वारा अथवा आम सहमति से) विकासखंड संगठन इकाइयों का विधिवत पुनर्गठन होगा । विकास खंडो की सामाजिक संगठन इकाइयों का विधिवत पुनर्गठन होने के पश्चात जिला संगठन का पुनर्गठन किया जायेगा ।

जिला ब्राह्मण समाज सिवनी के अंतर्गत गठित* सभी विकासखंड संगठन इकाइयों- छपारा, लखनादौन , धूम, घंसौर, धनोरा ,केवलारी, बरघाट, सिवनी वि.ख., सिवनी नगर ,तथा कुर्रा, के, समस्त *माननीय अध्यक्ष गणों एवं पदाधिकारियों से आग्रह* है कि अपने- अपने विकासखंड संगठन इकाइयों, मैं आम बैठक की तारीख, समय, एवं स्थान, निर्धारित कर कृपया जिला संगठन को सूचित करेंगे ।ताकि निर्धारित समय पर संगठन इकाइयों का विधिवत पुनर्गठन शीघ्र किया जा सके ! इस तारत व में आगामी 9 जुलाई रविवार को जिला संगठन का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल छपारा एवं लखनादौन पहुंचेगा।

विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से किया गया नेत्र शिविर का शुभारंभ

सिवनी यशोः- गुरुवार 06 जुलाई को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से लखनवाड़ा मे निःशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ किया गया। साई नेत्रा आई केयर संस्थान सिवनी एवं सक्षम भारत संस्था दादा वरिंद्र पुरी आई हास्पिटल जबलपुर के माध्यम से विधायक श्री राय द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिवनी के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में नेत्र रोगियों के उपचार हेतु आयोजित प्रथम निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के अंतर्गत प्रातः 10:00 बजे ग्राम लखनवाड़ा के पंचायत भवन में विधायक श्री राय के करकमलों से फीता काट कर किया गया। सर्वप्रथम श्री राय द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शिविर प्रारंभ किया गया। इसके उपरांत ग्राम के अटल बघेल द्वारा सभी अतिथियों का फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया तथा नेत्र विशेषज्ञ डा. योगेन्द्र पटेल द्वारा नेत्र जांच उपरांत विधायक श्री राय के करकमलों से रोगियों को दवा वितरण किया गया।

इसके पश्चात विधायक श्री राय ने ग्राम लखनवाड़ा मे बघेल समाज मानस भवन निर्माण के लिए चर्चनित स्थल का अवलोकन किया। ज्ञात हो कि उक्त भवन निर्माण हेतु श्री राय द्वारा विधायक निधिसे 10 लाख की राशि स्वीकृत की गयी है। तदुपरांत विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने जीवन दायिनी मां बैनगंगा के लखनवाड़ा घाट पर ब हलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज एवं वरिष्ठ नेत्री स्व. सुश्री विमला वर्मा (बुआ) जी की स्मृति में विधायक निधि से बनाये गये घाटो का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री संतोष अग्रवाल जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला भाजपा, श्रीमती राधाबाई बघेल सरपंच, देवेन्द्र बघेल उपसरपंच, मनीष मोनू मिश्रा विधायक प्रतिनिधि खेल विभाग, सतीश दुबे विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग, नरेश गिरी गोस्वामी डहेरिया, मोहन गहलोत, करन बघेल, मोह मद जिब्राईल मंसूरी मीडिया प्रभारी विधायक सिवनी सहित रोगियो एवं साई नेत्रा आई केयर संस्थान, सक्षम भारत संस्था के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

जिले में 276.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई

सिवनी यशोः- भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून 23 से 5 जुलाई 23 तक 276.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 192.2 मि.मी.,कुरई में 86.0 मि.मी. बरघाट में 202.0 मि.मी. केवलारी में 259.6 मि.मी., छपारा में 269.0 मि.मी. लखनादौन में 596.4 मि.मी., धनौरा 253.9, घंसौर में 356.0 मि.मी. इस प्रकार कुल 2215.1 मिमी वर्षा दर्ज की जा चूँकि है। ज्ञात हो कि विगत 5 जुलाई 22 को जिले में 1935.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

गौहत्या के विरोध में रहा बरघाट बंद, भाजपा नेताओं ने बनाई दूरी

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने ज्ञापन में लगाए पुलिस पर गंभीर आरोप पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के लगे नारे

बरघाट यशोः: - जिले में खुले आम गौ हत्या और गौ तस्करी होने से विश्व हिन्दु परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्त्ताओ में आक्रोश है और पिछले दिनों अरी में हुई गौ हत्या के विरोध में गुरुवार को बरघाट नगर पूर्णतः बंद रहा, लगभग 12:00 बजे रेली निकालकर पुलिस थाने में ज्ञापन सौंपा गया, बरघाट अनुविभागीय दंडाधिकारी महेश अग्रवाल, बरघाट तहसीलदार अमित रिनाहीते, बरघाट अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ज्ञापन सौंपा गया, आंदोलन से भाजपा नेताओं की दूरी चर्चा का विषय रही, बरघाट क्षेत्र में चल रही हिन्दू विरोधी गतिविधी गौ-हत्या गौवंश की तस्करी गौ मांस की तस्करी धर्मान्तरण करवाने वालों के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत कार्यवाही किये जाने के की मांग को लेकर विश्व हिन्दू परिषद / बजरंगदल द्वारा पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया उल्लेख किया गया 04 जुलाई मंगलवार को हिन्दू धर्म के पवित्र सावन माह में अरी थाना क्षेत्र के कोकाटकर उनके सिर अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों में फेंक दिये गये थे एवं एक गौवंश के सिर को ग्राम पंचायत अरी के वार्ड क्रं. 16 के निवासी गोवर्धन साहू के कुंए से फेंक दिया गया था।इसके साथ ही एक गौवंश के चार पैरों को ग्राम पंचायत अरी के वार्ड के 11 में एयरटेल टावर के सामने अब्दुल मालिक के प्लॉट में फेंका गया था जो एक दम तत्काल काटे हुए लग रहे थे अरी पुलिस प्रशासन द्वारा गौवंश के सभी अंगो की जप्ती बनाकर जेसीबी के द्वारा जमीन में गाड़ दिया गया। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल पुलिस प्रशासन से यह मांग करता है कि शीघ्र अतिशीघ्र गौवंशो की हत्या करने वालों एवं गौवंशों के अंगों को फेंकने वालो का पता लगाकर उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत् कार्यवाही कर तत्काल गिर तार किया जाये, बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम बोरीकला एवं साल्हे (कोसमी) में प्रतिदिन गौ हत्या कर गौ मांस की तस्करी कि जाती है। तत्काल प्रभाव से अका पता लगाकर गौ हत्या पर प्रतिबंध लगाया जावे एवं गौ हत्या व गौ मांस की तस्करी करने वालों को गिर तार किया जाये।

बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम बोरीकला, ग्राम साल्हे (कोसमी), ग्राम मलारा, ग्राम पिण्डरई कालोनी एवं ग्राम मैली से आये दिन ट्रको एवं चार पहिया वाहनों से गौ वंश की तस्करी की जाती है जिसका पता लगाकर तत्काल प्रभाव से गौ वंश की तस्करी करने वालों को गिर तार कर कठोरतम कानूनी कार्यवाही कि जावे।

ज्ञापन में कहा गया है कि बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम खूंट में स्थित शासकीय गौ शाला, गौवंश की तस्करी का केन्द्र बना हुआ है। पिछले वर्ष 2022 में 14 नग गौवंशो को गौ शाला से कसाईयों को बेच दिया गया था एवं 89 गौवंशो ने भूख प्यास के कारण तड़प-तड़प कर अपने प्राण त्याग दिये। जिसके विरोध में 28 जुलाई 2022 के बरघाट पुलिस प्रशासन को कार्यवाही करने हेतु विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल ने ज्ञापन सौंपा था किन्तु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नही हुई। गौ शाला खूंट में पुनः 19 अप्रैल 2023 की रात्रि लगभग 12 बजे 15 गौ वंशों को कसाईयों को बेचा गया। जिसके विरोध मे विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल ने 20 अप्रैल 2023 को ज्ञापन सौपा इस पर भी आज दिनांक तक कोई नहीं हुई। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल पुलिस प्रशासन से शासकीय शाला खूँट की जांच कर शीघ्र अतिशीघ्र गौ तस्करी एवं हत्यारों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने की मांग करता है। थाना कान्हीवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत गौ वंश तस्करी के वाहन बरघाट थाना क्षेत्र मलारा से धारना से होते हुए अरी थाना क्षेत्र के परमकुआ से महाराष्ट्र से जाये जाते हैं विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल पुलिस प्रशासन से यह मांग करता है कि शीघ्र अतिशीघ्र गौ वंश की तस्करी को रोककर गौ वंश की तस्करी करने वाले वाहनों को राजसात करने की कार्यवाही करें। अरी पाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अरी, ग्राम अन्तरा एवं ग्राम सरां में आये दिन गौ हत्या कर गौ मांस की तस्करी की जाती है एवं ग्राम मोहगांव व ग्राम अरी से गौवंशो को ट्रको एवं चार पहिया वाहनों में भरकर गौ वंश की तस्करी की जाती है। अरी ग्राम के कुछ ढाबों मे गौ मांस बेचा भी जाता है। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल पुलिस प्रशासन से यह मांग करता है कि शीघ्र अतिशीघ्र गौ हत्या गौ वंश की तस्करी एवं गौ मांस की बिक्री पर रोक लगाकर तत्काल प्रभाव से आरोपियों की गिर तारी की जाये।

शंशिकांत सरेयाम सहित अन्य कई शासकीय कर्मचारी की उपस्थिति में दिग्विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में अंतर्गत ग्राम पंचायत अरी के अमराईटोला की सड़क के किनारे बड़ी निर्मम्ता के साथ 08 नग गौवंश

अरी में भी रहा बंद

अरी में गौवंश की हत्या के होने सनातन धर्मियों मे गुस्सा बना हुआ है पवित्र श्रवण मास के प्रथम दिवस गौवंश की निर्ममता से हत्या और गौवंश की हत्या करने वाले इस बात का खुला प्रदर्शन करते हुये गौवंश के अवशेषों को सार्वजनिक स्थानों में फेंक कर सनातन धर्मियों की भावनाओं को आहत तो कर ही रहे है पुलिस प्रशसन और कानून को खुली चुनौती देने का काम कर रहे हैं ।

इस बात से गुस्साएँ अरी ग्राम में समसनी फैली हुई है और पिछले दो दिनों से व्यापारिक गतिविधियाँ बंद है । बरघाट बंद के साथ ही अरी में भी बंद रहा है ।

ज्ञापन में अनेक मांगो पर कार्रवाई की मांग करते हुए 7 दिन के अंदर कार्यवाही ना करने पर बरघाट क्षेत्र में आंदोलन करने की चेतावनी दी गई।

मध्य क्षेत्र कंपनी द्वारा नवीन विद्युत कने शन के लिए "सरल संयोजन पोर्टल" शुरू

उपभोक्ताओं को त्वरित मिलेगा नया बिजली कने शन

भोपाल। नवीन बिजली कने शन लेना अब और आसान हुआ है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अब नि नवाब घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को नये पोर्टल "सरल संयोजन पोर्टल" https://saralsanyojan.mpcz.in:}}}/home पर विधिवत आवेदन के बाद अतिशीघ्र ही नवीन बिजली कने शन उपलब्ध करा रही है।

कंपनी द्वारा इस पोर्टल से अभी तक 10 आवेदकों को समस्त प्रक्रियाएँ पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेजों सहित नये बिजली कने शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के 24 घंटे के भीतर ही नया बिजली कने शन दिव गया है।

इस पोर्टल से आवेदन अपूर्ण होने की स्थिति में कंपनी द्वारा आवेदक को एसएमएस से आवेदन पूर्ण करने का एक अवसर भी प्रदान किया जा रहा है।

उभोक्ता द्वारा इस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के बाद उसकी स्थिति को भी देखा जा सकेगा एवं उभोक्ता को नया कने शन लेने के लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने कहा है कि बिजली उभोक्ताओं को नया बिजली कने शन सुगमता से मिलें इसके लिए कंपनी द्वारा नवीन पोर्टल ''सरल संयोजन पोर्टल'' का क्रियान्वयन शुरू कर विधिवत पूर्ण आवेदन पर बहुत ही कम समय में नवीन कने शन उपलब्ध कराया जा रहा है। अब उभोक्ताओं को नवीन कने शन के आवेदन के लिए सभी जरूरी जानकारी भरने के साथ ही डिमांड नोट का ऑनलाइन भुगतान करने बाद अनुबंध की शर्तें दिखाई देंगी, जिन्हें स्वीकार करने पर पोर्टल में स्वतः ही अनुबंध क्रियान्वित हो जाएगा। आवेदकों को इस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के साथ स्वयं का फोटो, पहचान पत्र, स्वामित्व संबंधी दस्तावेज तथा टेस्ट रिपोर्ट आदि अपलोड करना आवश्यक होगा। इस पोर्टल से आवेदक को अपूर्ण आवेदन होने की स्थिति में रिजे शन होने पर रजिस्ट्रेशन शुल्क के अतिरिक्त अन्य जमा शुल्क राशि ऑनलाइन माध्यम से खाते में तुरंत वापस कर दी जाएगी।

सतर्क रहें-हिन्दुओं को तोड़ने के और राजनैतिक रोटियाँ सेंकने के काम ही आती है मीम भीम एकता

भोपाल। शिवपुरी के नरवर थानांतर्गत आने वाले ग्राम बरखाड़ी में अनुसूचित जाति के दो युवकों को मुस्लिमों द्वारा बेवजह पीटा गया। उनके चेहरे पर कालिख पोतकर उनके गले में जूते की माला डाली तथा उनका जुलूस निकालकर उन्हें अपमानित किया। इस पूरे प्रक्रम में सोशल मीडिया पर नागरिकों की नाराजगी सामने आ रही है। यूजर्स मीम-भीम एकता के नारे बुलंद करने वाले लोगों को राजनैतिक रोटियाँ सेंकने वाला और हिन्दुओं में फूट डालने वाला बता रहे हैं।

इस मामले के बाद अब बेहकरी, भीम सेना और जातियों में बांटकर हिन्दुओं को बांटने की बात करने वालों के विरूद्ध कई ट्वीट और फेसबुक पोस्ट्स देखने सामने आई है।

घटना से जुड़ा हुआ वीडियो ट्वीट करते हुए त्रिवेणी प्रसाद शुं ला ने लिखा है कि अ बेहकरी बौद्धो को जय भीम - जयमीम करने की सजा- सारे दलित नेता चुप ! दो दलित युवक अनुज जाटव, संतोष केवट को मुस्लिमो ने मुख में कालिख पोती, मैला खिलाया. जूतों की माला पहनाया. 4 km पैदल चलाया. वीडियो वायरल किया. अजमत खान,आरिफ,रहीशा बानो और दो महिलाओं समेत 6 गिर तार. MP के शिवपुरी का अभी सभी दलित चिंतक चैन की गहरी नींद में से रहे हैं` योंकि यहां उन्हें जातिवाद का मसाला नहीं मिलेगा, जिससे वो नफरत का तड़का लगाकर कर राजनीतिक रोटियां सेंक सकें.

फेसबुक पर ही ओम कुमार सेनी नाम के यूजर ने घटना घटना के वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा है अब कोई भी अंबेडकरवादी नहीं बोलेगा` योंकि इन पाखंडियों की राजनीतिक रोटी सिर्फ जातिवाद करके चलती है, कम से कम एक ऐसा दिमाग ढूंढो जो इस घटना की निंद करता हो, योंकि बाबा साहब से ऊपर इन तथाकथित नवबौद्ध लोगों के पास पैगंबर मुह मद हैं।

इस मामले में लोग अलग-अलग विचार रख रहे हैं। अगर यही मामला हिन्दुओं के बीच हुआ होता तो या मीम-भीम एकता दिखाने वाले लोग इतने ही चुप रहते ? छोटी से छोटी बातों पर भ्रमित कर अपना नैरेटिव सेट करने वालों का उद्देश्य सिर्फ आपस में हिन्दुओं को बांटना है। वह ऐसे मुद्दों पर चुप्पी ही साधते हैं। जब अनुसूचित जाति के बंधुओं पर मुस्लिमों द्वारा बेवजह आरोप लगाकर मारपीट की तो इनके समर्थन में बोलने वाले` यों नहीं आये ? तो इसका सीधा जवाब है कि मीम भीम एकता की यह बातें सिर्फ राजनैतिक रोटियाँ सेंकने और हिन्दुओं को तोड़ने के काम ही आती हैं।

यह है पूरा मामला

मामला शिवपुरी के नरवर थानांतर्गत आने वाले ग्राम बरखाड़ी का है जहाँ पुलिस ने अजमत खान, वकील खान, आरिफ खान, शहिद खान, इस्लाम खान, रहीशा बानो, साइना बानो को जुलाई को गिर तार किया। इन्होने 30 जून शुक्रवार को अनुसूचित जाति के दो युवकों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें बेवजह पीटा, उनके चेहरे पर कालिख पोती और दोनों के गले में जूते की माला डालकर उनका जुलूस निकाला था। इस कृत्य में उक्त 6 के एक और साथी आरोपी की तलाश में पुलिस लगी हुई है।

आरोपियों ने 30 जून को ही अनुज जाटव व संतोष केवट नाम के दोनों युवकों के साथ यह सब कृत्य करने के बाद दोनों को पुलिस के हवाले किया था। उन्होंने दोनों युवकों पर आरोप लगाए कि दोनों ने लड़की के साथ छेड़छाड़ की थी। पुलिस ने जब इस मामले में जांच की तो आरोप गलत सिद्ध हुए। पुलिस की ओर से पाया की जिस समय घटना हुई तब युवती वहां मौजूद नहीं थी। उल्लेखनीय है कि आरोपियों ने झूठी रिपोर्ट दर्ज कराकर युवकों को न सिर्फ पीटा बल्कि मुंह पर कालिख पोता, जूतों की माला डालकर उनका जूलूस भी निकाला। खबर यह तक है कि आरोपियों को कीचड़ भी खिलाई। मारपीट और जुलूस निकालने की वीडियो भी उन्होंने बनायी, उन्हें बदनाम किया। वीडियो सामने आई पुलिस ने ऐ शन लिया, आरोपियों की गिर तारी हुई।

मामले के स बन्ध में शिवपुरी के एसपी रघुवंश भदौरिया ने बताया कि इसके बाद युवकों की शिकायत के आधार पर अजमत खान, वकील खान, आरिफ खान, शहिद खान, इस्लाम खान, रहीशा बानो, साइना बानो के खिलाफ आगराछिक प्रकरण दर्ज कर छह आरोपितों को गिर तार कर लिया गया, जबकि एक आरोपित फरार है।

लाड़ली बहना सेनाएँ बनेंगी महिला सशक्तिकरण का माध्यम-मुख्यमंत्री

मु यमंत्री 10 जुलाई को इंदौर से सिंगल लिक द्वारा लाड़ली बहना योजना की राशि बहनों के खाते में अंतरित करेंगे

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाड़ली बहना सेनाएँ शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में मददगार और महत्वपूर्ण माध्यम बनकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का कार्य करेंगी। मु यमंत्री श्री चौहान 10 जुलाई को इंदौर से प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना की मासिक राशि का अंतरण करेंगे। यह योजना की दूसरी किस्त है।

मु यमंत्री श्री चौहान इंदौर के सुपर कॉरिडोर ग्राउण्ड से पूरे प्रदेश की लाड़ली बहनों को लाड़ली बहना सेना की सदस्य होने के नाते दायित्व निर्वहन की शपथ भी दिलवाएंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान लाड़ली बहनों को संबोधित करेंगे। इसका प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में होगा।

मु यमंत्री श्री चौहान इसी दिन धार जिले में लाड़ली बहना से मेलन में भी शामिल होंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान इसके पूर्व गुना जिले में 8 जुलाई को लाड़ली बहना स मेलन में भी शामिल होंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने आज अनेक कले टर्स से चर्चाकर 10 जुलाई के कार्यक्रम की जिला स्तर पर की जा रही तैयारियों के बारे में पूछा। उन्होंने कले टर्स को योजना से जुड़े बेष डी.बी.टी. कार्य को शत-प्रतिशत स्थिति में लाने के निर्देश दिए। बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्यु न सिंह तोमर, युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश में शिक्षा सहित 9 विभागों पर वित्त विभाग का प्रतिबंध, आहरण पर रोक

भोपाल। मध्य प्रदेश शासन के वित्त विभाग ने उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और स्कूल शिक्षा सहित 9 विभागों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। निर्धारित किए गए बजट के आहरण पर रोक लगाई गई है। एक लिस्ट 31 मार्च को जारी हुई थी जिसे अपडेट किया गया है। अब वित्त विभाग की मंजूरी के बिना पैसा खर्च नहीं किया जा सकेगा।

किस विभाग पर कौन सा वित्तीय प्रतिबंध

स्कूल शिक्षा विभाग- हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में फर्नीचर, प्रयोगशाला, प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर, उत्कृष्ट विद्यालयों के अनुदान, मदरसों में गुणवत्ता पक्ष शिक्षा एवं अधोसंरचना विकास, नवभारत साक्षरता अभियान एवं विभागीय परिसंपत्तियों के संधारण पर होने वाले खर्च पर रोक लगाई गई है।

पर्यटन विभाग- पर्यटन क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के लिए अनुदान, पर्यटन नीति का क्रियान्वयन पर्यावरण- एको को अनुदान। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग- निवेश प्रोत्साहन योजना। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एमएसएमई प्रोत्साहन व्यवसाय निवेश संवर्धन, मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना।

संस्कृति विभाग- मप्र संस्कृति परिषद, समारोह के आयोजन के लिए अनुदान।

खर्चा करने से पहले मंजूरी लेना जरूरी

अपर सचिव एवं बजट संचालक आइसि सिंघैया जेपी की ओर से सर्कुलर जारी हुआ है। इसमें बताया गया है कि विभागों एवं योजनाओं के लिए प्रावधान इस राशि का आहरण वित्त विभाग की अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा। संबंधित विभागों के अधिकारी बिना अनुमति के किसी भी प्रकार का आहरण नहीं करेंगे। वित्त विभाग से जारी सर्कुलर में इसके लिए कोई लास्ट डेट नहीं बताई गई है।

कर्ज से परेशान किसान दंपती ने नर्मदा में कूदकर दी जान, बैंक से लिया था 15 लाख का लोन

जबलपुर। 15 लाख रुपये के बैंक कर्ज से परेशान होकर किसान दंपती ने भेड़ाघाट के धुआंधार से नर्मदा में छलांग लगाकर जान दी थी। मृतक किसान ग्राम बहौरा हिनौता निवासी धर्मेन्द्र पटेल कर्ज से परेशान था। इसलिए उसने पत्नी संध्या पटेल के साथ नर्मदा में छलांग लगाई। घर से मिले सुसाइड नोट में दंपती ने अपने सुसाइड नोट में यूनियन बैंक का 15 लाख रुपये का कर्ज होने की बात का जिक्र किया है। मामले की जांच की जा रही है। बुधवार को धर्मेन्द्र के शव का जब पोस्टमार्टम कराया जा रहा था, तभी संध्या का शव भी भेड़ाघाट के गौचच्छा घाट में उतराता मिला। बता दें कि बहौरा हिनौता निवासी धर्मेन्द्र पटेल (40) किसान था। 28 जून की सुबह धर्मेन्द्र पत्नी संध्या (35) के साथ सुबह लगभग छह बजे घर से निकला था। दोपहर 12 बजे तक धर्मेन्द्र और संध्या घर नहीं पहुंचे, तो स्वजन को चिंता हुई। दोनों के फोन बंद घर पर रखे मिले। स्वजन ने इसकी सूचना भेड़ाघाट थाने में दी। धर्मेन्द्र की बाइक धुआंधार के पास खड़ी मिली। शहपुरा के पास नर्मदा के मालकछर घाट पर मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे धर्मेन्द्र का शव शहपुरा के मालकछर घाट में उतराता मिला था।

सावन शिवरात्रि 15 जुलाई को, बन रहा है महासंयोग, भोलेनाथ होंगे मेहरबान

भोपाल। हिंदू धर्म में सावन शिवरात्रि का बेहद ही खास महत्व होता है। हर साल सावन मास के चतुर्दशी तिथि पर सावन शिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस बार 15 जुलाई को यह पर्व मनाया जाएगा। सावन मास के अन्य दिनों की तरह यह दिन भी भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन विधिपूर्वक भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है। साथ ही जीवन के कष्ट दूर होते हैं और वैवाहिक जीवन सुखमय होता है।

बन रहे हैं 2 शुभ संयोग- इस बार सावन शिवरात्रि पर बेहद ही खास संयोग बन रहा है। 15 जुलाई रात 8:32 बजे चतुर्दशी तिथि का आरंभ हो जाएगा और 16 जुलाई रात 10:08 बजे इसका समापन होगा। इस बार सावन शिवरात्रि पर दो शुभ योग बन रहे हैं, जिसमें वृद्धि और ध्रुव योग शामिल हैं। साथ ही इस दिन मृगशिरा नक्षत्र भी बन रहा है। इस दौरान भोलेनाथ की पूजा करना बेहद फलदायी होगा।

लगाएं इन चीजों का भोग- सावन शिवरात्रि के दिन पूजा के दौरान भगवान शिव को कुछ चीजों का भोग लगाना बेहद शुभ माना जाता है। महादेव को प्रसन्न करने के लिए इस दिन मखाने की खीर, भांग के पकौड़े, आटा या सूजी का हलवा, मालपुआ और ठंडाई का भोग लगाएं।

सीधी पेशाब कांड का पीड़ित दशमत रावत सीएम हाउस पहुंचे, सीएम ने पैर धोकर किया स मान

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीधी पीड़ित दशमत रावत को सुदामा कहते हुए कहा कि तुम अब मेरे दोस्त हो।

भोपाल। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में आदिवासी दशमत रावत पर एक भाजपा कार्यकर्ता के बेशर्मी से पेशाब करने की घटना के बाद से सियासत गरमाई हुई है। गुरुवार को पीड़ित दशमत रावत भोपाल मु यमंत्री निवास पहुंचे। यहां सीएम शिवराज ने दशमत के पैर धोकर और शॉल ओढ़ाकर स मान किया। सीएम शिवराज ने कहा कि मन दुखी है। मेरे लिए जनता ही भगवान है।

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीड़ित से बात की। सीएम ने पूछा कि बच्चे पढ़ रहे हैं? छात्रवृत्ति मिलती है? कोई परेशानी हो तो मुझे बताना है। बेटी लाडली लक्ष्मी है। पढ़ी को लाडली बहना का लाभ मिल रहा है? आवास योजना का लाभ मिल रहा है? सीएम ने कहा कि बेटी को पढ़ाना है। बेटियां आगे बढ़ रही हैं। दशमत ने सीएम को बताया कि वह पल्लेदारी का काम करता है।

मु यमंत्री ने पीड़ित से कहा कि मुझे बहुत दुख हुआ। मैं माफी चाहता हूं। मेरे लिए जनता ही भगवान समान है। सीएम ने दशमत को सुदामा कहते हुए कहा कि तुम अब मेरे दोस्त हो।

ये है मामला

बता दें सीधी में भाजपा नेता प्रवेश शु ला का दशमत रावत के ऊपर पेशाब करते वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद प्रदेश का सियासी पारा चढ़ गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही मामले में जांच के लिए जांच कमेटियां बनाई हैं। सीधी विधायक पंडित केदारनाथ शु ला के पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शु ला को आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले में मंगलवार रात करीब दो बजे गिर तार कर लिया गया था। प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को सीधी पेशाब कांड पर कहा कि कृत्य बहुत घृणित और निंदनीय बताया था। कानून अपना काम कर रहा है। ये भाजपा की सरकार है यहां कानून का राज है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद तत्काल मु यमंत्री के कहने पर एनएसए की कार्रवाई और कानूनी कार्रवाई कर दी गई थी। आरोपी को रात में गिर तार कर लिया गया था। उसे रीवा जेल में रखा जाएगा। प्रशासन ने उसका घर भी तोड़ दिया है।

दस दिन पहले वायरल हुआ वीडियो

यह वीडियो दस दिन पुराना है। वीडियो में सीधी जिले के कुबरी बाजार में एक युवक बैठा हुआ है। प्रवेश शु ला ने नशे की हालत में उसके ऊपर पेशाब कर दी। किसी ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसके बाद प्रदेश का गृहमंत्री प्रतिक्रिया व्यक्ति की थी। ग्राम कुबरी के रहने वाले प्रवेश शु ला पूर्व में विधायक प्रतिनिधि थे। वर्तमान में वे सक्रिय बीजेपी कार्यकर्ता हैं। प्रवेश शु ला सामान्य परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

सीएम ने कहा-हर इंसान में ही भगवान निवास करता है

मेरे लिए दरिद्र ही नारायण हैं और जनता ही भगवान है। जनता की सेवा हमारे लिए भगवान की पूजा है। हम यह मानते हैं हर इंसान में ही भगवान निवास करता हैं। भाई दशमत के साथ अन्याय हुआ है। मेरा मन दर्द और पीड़ा से भर हुआ है इसलिए दशमत को मैंने यहां बुलाया। मन मेरा गहरी वेदना से भरा हुआ था। मन में बहुत तकलीफ थी। बहुत ही अमानवीय घटना हमारे भाई के साथ घटी। मैं अंतरात्मा से मानता हूं गरीब ही हमारे लिए पूज्य हैं। गरीब का अपमान, हम सब का अपमान है।

भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि मंडल ने मु य सचिव, पुलिस महानिदेशक और एनफोर्समेंट एजेंसियों के साथ की बैठक

विधानसभा निर्वाचन-2023 निष्पक्ष और स्वतंत्र कराए जाने को लेकर की चर्चा

भोपाल। भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों को लेकर 3 जुलाई से कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कांवेंशन सेंटर भोपाल में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षकों के साथ चल रही समीक्षा बैठक के अंतिम दिन प्रतिनिधि मंडल ने मु य सचिव श्री इकबाल सिंह बैस और पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर से सेना के साथ बैठक की। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा निर्वाचन -2023 स्वतंत्र और निष्पक्ष कराए जाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव शामिल हुए। निर्वाचन संबंधी तैयारियों का पावर पॉइंट के माध्यम से प्रजेंटेशन दिया गया।

बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त श्री धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग श्री नीतेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग श्री अजय भादू, वरिष्ठ प्रधान सचिव भारत निर्वाचन आयोग श्री एनएन सुटोलिया, भारत निर्वाचन आयोग के डायरेटर एट जनरल मीडिया श्री बी. नारायणन, डायरेटर स्वीप श्री संतोष अजमेरा, डायरेटर भारत निर्वाचन आयोग श्री पंकज श्रीवास्तव, सचिव भारत निर्वाचन आयोग श्री अमित कुमार, मु य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन, अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह एवं श्री बसंत कुरें सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्री विनोद कुमार अपर मु य सचिव सामान्य प्रशासन, श्री राजेश राजौरा अपर मु य सचिव गृह, श्री अजीत केशरी अपर मु य सचिव वित्त, श्री मलय श्रीवास्तव अपर मु य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्री एसएन मिश्रा अपर मु य सचिव जल संसाधन, श्री सुखवीर सिंह प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी, श्रीमती दीप्ती गौर मुखर्जी प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन, श्री संजय कुमार शु ला प्रमुख सचिव पीएचई, श्रीमती रश्मि अरूण शमी प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा, श्रीमती दीपाली रस्तोगी प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर एवं आबकारी, श्री सुदाम खाड़े सचिव स्वास्थ्य तथा श्री रघुराज राजेंद्रन सचिव ऊर्जा बैठक में शामिल हुए। भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि मंडल ने निर्वाचन निगरानी व्यय को लेकर एनफोर्समेंट एजेंसियों के नोडल अधिकारियों साथ भी बैठक की। निर्वाचन के दौरान धन-बल, अवैध शराब और मादक पदार्थों को रोकने के लिए प्रभावी कार्य-योजना बनाकर कार्य करने, बॉर्डर एरिया पर सघन जाँच, सभी एजेंसियां को समन्वय से कार्य करने और आयोग के सभी निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस, आबकारी, इनकम टैंस, रिजर्व बैंक, फाइनेंसियल इंटेलीजेंस यूनिट, स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी, कस्टम, सीजीएसटी, डॉयरेक्टोरेट ऑफ रेवन्यू इंटेलीजेंस यूनिट, नॉरकोटिं स कंट्रोल ब्यूरो, सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नॉरकोटिं स, स्टेट नॉरकोटिं स, ईडी, रेलवे आरपीएफ, सीआईएसफ, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, स्टेट सिविल एविएशन, वन, डाक, परिवहन, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिं योरिटी विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

बाढ़ की स्थिति में बचाव और राहत कार्य का सेना, एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ ने किया पूर्व अ यास

भोपाल । भारतीय सेना, सुदर्शन चक्र कोर, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा आपातकालीन राहत बल) और एसडीईआरएफ (राज्य आपदा आपातकालीन राहत बल) की टुकड़ियों ने बड़े तालाब (खानगांव के पास) पर बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव की गतिविधियों का पूर्व अ यास किया।

प्रदेश में बाढ़ राहत कार्य से जुड़े इंजीनियर रेजीमेंट टॉस्क फोर्स, सेना के कमाण्डरों ने पूर्व अ यास में सक्रियता से भाग लिया। अ यास के दौरान आर्मी एविएशन विंग के हेलीकॉप्टर भी शामिल रहे। बाढ़ पीड़ितों को समय पर बचाव और राहत देने की अनेक गतिविधियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

बाढ़ राहत और बचाव के अ यास में योजना की तैयारी, नागरिक प्रशासन के साथ स पर्क आदि के संबंध में जानकारी दी गई। बाढ़ राहत कार्यों के समय उपयोग किये जाने वाले विभिन्न उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। आपदा प्रबंध संस्थान के कार्यों की जानकारी भी दी गई। सेना, एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

नि:शुल्क आँख जाँच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 8 जुलाई को

सिवनी यशोः- महावीर इंटरनेशनल सिवनी शाखा के तत्वाधान व स्वर्गीय श्री रामचंद्र - मीराबाई - संजय भूरा की पुण्य स्मृति में 8 जुलाई शनिवार को श्री श्वेतांबर जैन मंदिर धर्मशाला शुक्रवारी सिवनी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है ।

इस शिविर में निःशुल्क चश्मे व दवाई का वितरण किया जावेगा । जिन मरिजो को मोतियाबिंद पाया जाता है उनका निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जावेगा ।

उपरोत जानकारी सोसाइटी के जिलाध्यक्ष श्री संजय कुमार मालू व सचिव श्री संतोष जैन द्वारा स मलित रूप से दी गई है । महावीर इंटरनेशनल एक सामाजिक सेवा संगठन, गैर-धार्मिक और गैर-लाभकारी पंजीकृत सोसायटी है , जिसकी स्थापना जुलाई 1975 में 'लव ऑल सर्व ऑल' और "जियो और जीने दो" के आदर्श वा य के साथ की गई थी। यह सोसाइटी समाज के वंचित तबके के कल्याण के लिए काम कर रही है । देश भर में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इसके 400 से अधिक केंद्र हैं। संस्था के सदस्यों ने सिवनी निवसीयो से विनम्र अपील किया है की वे शिविर का लाभ उठावे । साथ में अपने आधार कार्ड की कॉपी अवश्य लावे। जाँच हेतु रजिस्ट्रेशन के लिए संतोष जैन - 94246 53490, संजय मालू - 9425174529, शुभम् नाहटा - 89621 40000, पराग भूरा -89288 89839 मोबाइल न. पर फोन कर सकते है।

लिव इन रिलेशन में रहने वाले पुरूष ने महिला की चाकू घोंपकर हत्या कर दी

सिवनी यशोः- कोतवाली थाना अंतर्गत सीवी रमन वार्ड इलाके में एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर की निर्मम रूप से हत्या कर दी बताया जा रहा है महिला के पहले पति की कुछ वर्षों पहले मौत हो गई थी, जिसके बाद वह दिनेश नाम के व्यक्ति के साथ लिव-इन रिलेशन में रहने लगी। जानकारी के मुताबिक महिला वैवयती का वर्तमान में एक 16 साल का पुत्र भी है। महिला के पति की मौत हो जाने के कुछ समय बाद उसकी मुलाकात दिनेश से हुई। दिनेश की शादी नही हुई थी। एक दूसरे के संपर्क में आने के बाद दोनो बिना शादी किए अपनी मर्जी से एक साथ लिव-इन रिलेशन में रहने लगे। दोनों के परिवार वालो को इस रिश्ते से किसी प्रकार का एतराज नही था। लिव-इन में रहने के कुछ दिनों के बाद जब महिला के रिश्तेदार बिना बुलाए बार बार उसके घर आने आने लगे तो इस बात को लेकर दिनेश और वैजयंती के बीच विवाद शुरू होने लगे। इसी विवाद को लेकर मंगलवार की रात गुस्से में आकर दिनेश ने वैजयंती के सीने में चाकू घोप दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। एसडीओपी सिवनी पुरषोत्तम सिंह मरावी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी महिला की हत्या करने के बाद फरार हो गया था। लेकिन कोतवाली पुलिस ने तत्काल खोजबीन कर आरोपी को गिर तार कर लिया है कोतवाली

थाने में मृतका के पुत्र की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है और महिला के पुत्र ने भी अपने बयानों में आरोपी द्वारा महिला के रिश्तेदारों के घर आने जाने को लेकर विवाद का उल्लेख किया है। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए महिला के शव का पीएम करवाया गया है पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है. फिलहाल पुलिस ने गिर त में आये आरोपी के विरुद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज किया गया है और आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश भी कर दिया गया है।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

सीधी जिला की घटना का किया विरोध

छपारा यशोः- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी में 6 जुलाई को 4-00 बजे तहसील कार्यालय में माननीय राज्यपाल महोदय माननीय मु यमंत्री महोदय के नाम सीधी जिले में आदिवासी युवक पर पेशाब करने वालो के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग किया सोशल मीडिया में वायरल वीडियो एवं अन्य सूचनाओं के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि मध्य प्रदेश के सीधी में विधायक के विधाथक प्रतिनिधि एवं भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी प्रवेश शु ला ने आदिवासी समाज के दसमत श्वत ग्राम करोड़ी थाना तहसील बारी जिला सीधी मध्य प्रदेश निवासी के ऊपर सरेआम पिशाब करने का शर्मनाक एवं अमानवीय कृत किया गया है जो मानवता को शर्मसार करने वाला ही नहीं बल्कि हैवानियत भरा कुरुपशुतापरा कृत है ।जो घोर असंवैधानिक अमानवीय कृत क्षमा करने योग्य नहीं है घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी प्रवेश शु ला के विरोध दंडात्मक कार्यवाही कर पीडित व्यक्ति व परिवारजनों की उचित सुरक्षा के साथ मुआवजा भी प्रदान करने की मांग किया है ।

संभागायुक्त वर्मा ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- संभागायुक्त जबलपुर अभय वर्मा ने 5 जुलाई को ऑनलाईन वीसी के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की स भागीय समीक्षा की गई। उन्होंने राजस्व न्यायालय अंतर्गत लंबित प कारणों, मु यमंत्री आवासीय भू-अधिकार एवं मु यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना, जारी किए जा रहे जाति प्रमाण पत्रों की समीक्षा, मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत महिलाओं की पंजीयन, ई-केवायसी आधार लिंक बैंक खाते तथा सक्रीय डीबीटी खातों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संचालित प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा, संबल-2 योजना के क्रियांवयन, दुग्ध संघ सांची पार्लर हेतु लंबित भू आवंटन एवं कन्जा प्रदाय प्रकरणों की समीक्षा, सहकारिता विभाग, मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना की समीक्षा, अमृत सरोवर, मु यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण, सीएम राइज स्कूलों के संचालन के साथ ही आगामी विधान सभा निर्वाचन- 23 के मद्देनजर फार्म 6,7, 8 एवं चुनाव संबंधी शिकायतों एवं निराकरण स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

उक्त वीसी में कलेक्टर शितिल सिंघल, अपर कलेक्टर सीएल चनाप, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सिवनी सहित अन्य संबंधित विभागाधिकारियों की उपस्थिति रही।

स्कूटी में ले जाई जा रही थी शराब, पुलिस ने की जप्त

मंडला यशोः- पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ, शराब की तस्करी तथा नशीले इंजै शन के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुये उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा जिला अंतर्गत अवैध शराब, गांजा, स्मैक इत्यादि अवैध मादक के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु '+आपरेशन' लीन स्वीप÷' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अवैध शराब, गांजा, स्मैक इत्यादि अवैध मादक की तस्करीध्व्यापार में लिप्त व्यक्तियों की सूचना देने हेतु नारकोटिस हेल्पलाईन मोबाईल न बर '7587644166' भी जारी किया गया।।

कार्यवाही की कड़ी में 5 जुलाई को चौकी हिरदेनगर थाना महाराजपुर के मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम अमगवां का कृष्ण कुमार नंदा ऊर्फ देवा अपनी स्कूटी क्रं. एमपी 51 एसए 9034 मे प्लास्टिक के डिब्बों मे हाथ भट्ठी महुआ की कच्ची शराब भर कर विक्रय करने हेतु ग्राम अमगवां से कुडवन की ओर जाने वाला है। उक्त सूचना पर चौकी प्रभारी हिरदेनगर द्वारा चौकी

हिरदेनगर पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिये के व्यक्ति को पकड़ने हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा इंतजार किया गया जो अमगंवा खड़देवरा चौराहा की ओर से एक व्यक्ति सिल्वर कलर की स्कूटी क्रमांक एमपी 51 एसए 9034 आते दिखा पुलिस स्टाफद्वारा रोका गया जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे सूझबूझ के साथ घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम कृष्ण कुमार नंदा ऊर्फ देवा पिता दादनलाल नंदा ऊम्र 28 वर्ष निवासी अमगवा थाना महाराजपुर जिला मंडला का होना बताया, जिसकी स्कूटी के सामने पायदान भाग एवं पीछे भाग पर प्लास्टिक के कुल 04 डिब्बों में कुल 60 लीटर महुआ शराब होना पाया गया। उक्त संबध मे कृष्ण कुमार नंदा ऊर्फदेवा नंदा से अपने कब्जे मे अवैध महुआ शराब रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के दण्डनीय पाये जाने से प्लास्टिक के सफेद रंग के 04 डिब्बों मे रखी 15 लीटर के हिसाब से कुल 60 लीटर हाथ भट्ठी की महुआ कच्ची शराब कीमती 48000ध्- रूपये की तथा स्कूटी क्रमांक एमपी 51 एसए 9034 कीमती 50000 रूपये कुल जुमला 54800ध्- रूपये का जप्त कर आरोपी को गिर तार किया गया। इस कार्यवाही एसडीओपी मंडला के नेतृत्व में थाना प्रभारी महाराजपुर एवं चौकी प्रभारी हिरदेनगर उप निरीक्षक शक्ति सिंह यादव की टीम जिसमें सउनि रामकृष्ण, सउनि सुरेश विजयवार, प्रआर. महेश यादव, संतराम ऊके शामिल रहे।

पर्यटन क्विज प्रतियोगिता ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन 8 जुलाई से किये जायेगे

सिवनी यशोः- प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्कूली छात्र-छात्राओं के लिये पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन 8 जुलाई तक किया जाना हैं। म.प्र. टुरिस्म बोर्ड भोपाल एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाली पर्यटन क्विज प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित होगी। पहले चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिता एवं दूसरे चरण में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता करायी जायेगी। जिला क्वीज नोडल अधिकारी संदीप मिश्रा प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन जिला सिवनी ने बताया है कि इस प्रतियोगिता में इस वर्ष नवाचार करते हुए रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था ऑनलाईन की गयी है जिससे की विद्यार्थियों शिक्षको को यहा वहा न भटक कर अपने विद्यालय से ही रजिस्ट्रेशन करने की सुविधा प्राप्त हो सके। इस प्रतियोगिता में सभी शासकीय/अशासकीय विद्यालयों के छात्र/छात्रा रजिस्ट्रेषन करा सकते हैं। क्विज के जिला नोडल अधिकारी संदीप मिश्रा ने बताया हैं कि जिलें के शासकीय/अशासकीय कक्षा 9वी से 12वी तक के छात्र, छात्राएं स्पर्धा में भाग ले सकते हैं विद्यालय के समस्त प्राचार्य उ.मा.वि./हाई स्कूल एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला सिवनी टुरिस्म बोर्ड की बेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन 08 जुलाई 2023 सायः 5:30 बजे के पुर्व कर सकते है। इसके पश्चात ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया जाना संभव नही होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 27 जुलाई 2023 को लिखित रुप में प्रातः 10:00 से 12:00 बजें तक होगी। वही मल्टीमीडिया में चयनित टीमो के बीच में दोपहर 2:30 बजें से 4:30 बजें तक प्रतिस्पर्धा होगी जिला स्तर पर विजेता टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर प्राप्त होगा वही मल्टीमीडिया में भाग लेने वाली टीमों को म.प्र. में पर्यटन स्थल पर भ्रमण करने का अवसर मिलेगा। के.के. पटेल जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने सभी शासकीय/अशासकीय विद्यालयों को इस क्विज में रजिस्ट्रेषन करने के लियें निर्देशित कर दिया गया है।

इस वर्ष 177285 पर्यटकों ने पेंच टाइगर रिजर्व में भ्रमण किया

सिवनी यशोः- उप संचालक पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के कोर जोन कर्माझिरी, टुरिया तथा छिंदवाडा जिले में स्थित जमतरा पर्यटन जोन में इस वर्ष कुल 177285 पर्यटकों ने पेंच टाइगर रिजर्व में भ्रमण किया। कोर बेत्र में 106613 पर्यटक तथा बफर जोन में 70673 पर्यटकों ने भ्रमण किया।

उन्होंने बताया कि मु यमंत्री श्री चौहान द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य प्रारंभ की गई "बफर में सफर योजना" को प्रमुखता से प्रचार-प्रसार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप कोर क्षेत्रों के 70% पर्यटकों का आना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि पेंच टाइगर रिजर्व में वर्तमान में बरिस मौसम के कारण कोर परिक्षेत्र में पर्यटन बंद हो गया हैं, किंतु बफर जोन के रूखड, मासूरनाला, खवासा, तेलिया, टिकाडी एवं कु पानी में पर्यटन अभी भी प्रार भ हैं।

पर्यटकों की जानकारी पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी

2022.2023 पर्यटकों की सं या

	भारतीय	विदेशी	योग
जुलाई 2022	2728	28	2756
अगस्त 2022	4488	25	4513
सितंबर 2022	5217	103	5320
अे टूबर 2022	19560	209	19769
नवंबर 2022	18312	1096	19408
दिसंबर 2022	23625	692	24317
जनवरी 2023	17852	673	18525
फरवरी 2023	11232	1563	12795
मार्च 2023	12615	1658	14273
अप्रैल2023	17113	1444	18557
मई 2023	19678	286	19964
जून 2023	16925	163	17088
योग	169345	7940	177285



विधायक दिनेश राय मुनमुन ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया नमन

सिवनी यशोः- आज दिन गुरुवार, दिनांक 06/07/2023 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्ध सुमन अर्पित कर हृदय से नमन किया। विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी प्रातः 11-30 बजे बारापत्थर स्थित जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां पर आपने प्रखर राष्ट्रवादी, महान शिक्षाविद और अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर छायाचित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर नमन किया। इस दौरान आपने कहा कि बंगाल ने कितने ही क्रांतिकारियों को जन्म दिया। बांग्भूमि मे पैदा हुए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उनमे से एक महान क्रांतिकारी थे। जिन्होंने अपनी तेजस्वी प्रतिभा से समाज को नई दिशा दी। श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि देश की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए, राष्ट्रहित को स्वहित से ऊपर रखते हुए आपने तत्कालीन सरकार के मंत्रीमंडल से त्यागपत्र दे दिया था। इसके पश्चात डॉ. मुखर्जी ने 28 अप्रैल 1951 को अखिल भारतीय जनसंघ का गठन करते हुए कहा था कि स्वतंत्रता और एकता के स्थायित्व के लिए तथा जन्मभूमि की रक्षा के लिए, राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना के मूल उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनसंघ का गठन किया जा रहा है। ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मेरी ओर कोटि-कोटि नमन है।

मनाई गई डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी की जयंती

मण्डला - भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मण्डला में भारतीय जनता पार्टी के संचिवता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती पर माल्यर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गयी। इस अवसर पर थामन बरमैया, संदीप सिंह, कृष्ण कुमार चौकसे, प्रशांत दीक्षित, अनुराग बिटट्, चौरसिया, सूर्यकांत जघेला, उमेश झे ला, मंजू कछवाहा, आशीष झारिया, जुगल किशोर कपोल, प्रवीर तिवारी, जहुर खान, शिखा श्रीवास्तव, बब्बली अधिकारी, उमा यादव, सुदीप ब्रजपुरिया, अजीत सिहानी, कपिल सचान, विजय नीखर, आशीष उइके, राजू उपस्थित रहे।

https://dainikyashonnati.com
दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें

मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना:1 अगस्त से शुरू होगा युवाओं का प्रशिक्षण

भोपाल। मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के पोर्टल का शुभारंभ के 30 घंटे में 60 हजार आवेदन आ गए है। इसमें सबसे ज्यादा आवेदन रीवा जिले से 3139 आए है। बता दें मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को भोपाल में एक कार्यक्रम में योजना का पोर्टल एमएमएसके वाय.एमपी.जीओवी लांच किया था। इसमें 10 हजार 739 प्रतिष्ठानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जहां करीब 37 हजार प्रशिक्षण की रिक्यिां है। इसके लिए अब तक करीब 60 हजार युवाओं ने आवेदन किया है। सरकार ने 1 अगस्त से युवाओं का प्रशिक्षण शुरू करने की तैयारी की है। इसके पहले सरकार, प्रतिष्ठान और युवाओं के बीच अनुबंध शुरू हो जाएगा। इसको लेकर सरकार की तरफ से अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है।

दूसरे राज्यों के प्रतिष्ठानों को आकर्षित करने कार्यशाला कल

प्रदेश सरकार के कौशल विकास विभाग और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के साथ गुरुवार को दिल्ली में फिक्की हाउस में एक कार्यशाला आयोजित की गई। वहीं, अगले दिन शुक्रवार को कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के साथ मध्य प्रदेश भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य सीखो कमाओ योजना में ज्यादा से ज्यादा दूसरे राज्यों के बड़े प्रतिष्ठानों को शामिल कराना है। ताकि प्रदेश के युवाओं को दूसरे राज्यों की बड़ी कंपनियों में भी प्रशिक्षण के अवसर बढ़ सके। दोनों के कार्यशाला में मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वीसी के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठानों से चर्चा करेंगे।

सबसे कम अलीराजपुर से आए आवेदन

योजना में 30 घंटे में प्रशिक्षण के लिए बड़ी सं या में युवाओं ने आवेदन किया है। इसमें रीवा से सबसे अधिक 3139 आवेदन आए है। वहीं, अलीराजपुर से सबसे कम 183 आवेदन आए है। इसके अलावा भोपाल से 1980, बालाघाट से 1209, भिंड से 1122, छतरपुर से 1695, छिंदवाड़ा से 1297, दमोह से 1964, गुना से 1314, ग्वालियर से 1968, होशंगाबाद से 1067, इंदौर से 1176, जबलपुर से 2156, कटनी से 1205, मंदसौर से 1396, मुरैना से 1354, नरसिंहपुर से 1457, रायसेन से 1189, राजगढ़ से 1391, सागर से 2854, सतना से 2651, सीहोर से 1588, सिवनी से 1143, शहडोल से 1013, शिवपुरी से 1443, सिधी से 1167, टीकमगढ़ से 1087, उज्जैन से 1411 और विदिशा से 1647 आवेदन आए है। इसके अलावा बाकी जिलो से 1 हजार से कम आवेदन अब तक मिले है।

20 राज्यों के प्रतिष्ठानों ने दिखाई रूचि

मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में 20 राज्यों के प्रतिष्ठानों ने रूचि दिखाई है। इसमें महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड, कर्नाटका, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडू, तेलंगाना, ओडिया, आंध्रप्रदेश, बिहार, असाम, हिमाचल प्रदेश, केरला, झारखंड, दादर एंड नागर हवेली, गोवा और जम मू एंड कश्मीर के प्रतिष्ठान शामिल है।

यह है योजना के लिए पात्रता

योजना में करीब 700 से अधिक कोर्सेस में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में 18 से 29 वर्ष आयु तक के मध्य प्रदेश के स्थानीय निवासी पात्र है। योजना में 12वीं पास ङ्क 8 हजार प्रतिमाह, आईटी आई उत्तीर्ण ङ्क 8500 हजार प्रतिमाह, डिप्लोमा उत्तीर्ण ङ्क 9000 हजार प्रतिमाह, ग्रेजुएशन या उच्च उत्तीर्ण ङ्क 10 हजार प्रतिमाह रुपए मानदेय दिया जाएगा। कोर्सेस का प्रशिक्षण का समय तीन माह से एक साल तक का है।

कोतवाली पुलिस की कार्रवाईरू ब्राउन शुगर और गांजा के साथ दो आरोपी गिर तार

मंडला यशोः- कोतवाली पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को गिर तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कोतवाली को सूचना मिली की राहुल बंजारा नाम का व्यक्ति एवं एक महिला अवैध मादक पदार्थ स्मैक और गांजा अवैध रूप से विक्रय करने के लिए रखे हैं। मुखबिर सूचना के आधार पर दो आरोपी राहुल बंजारा निवासी तिलक वार्ड जिला मंडला से करीब 10 ग्राम स्मैक (ब्राउन शुगर) अवैध मादक पदार्थ कीमती करीबन 20 हजार नगदी 15 हजार 125 कुल 35 हजार 125 मशरूका जप्त कर आरोपी को गिर तार किया गया है। इसी प्रकार महिला आरोपी के कब्जे से करीब डेढ़ किलो अवैध मादक गांजा कीमती करीबन 15 हजार एवं नगदी 20 हजार 110 कुल मशरूका 35 हजार 110 जप्त किया जाकर अरोपियों को गिर तार किया गया है। दोनें आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ स्मैक एवं गांजा कहा से एवं किस से लाए थे के संबंध में संख्त पूछताछ की ज रही है आरोप के विरुद्ध पुलिस थाना कोतवाली में अपराध कायम कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा जिला अंतर्गत नशे का खात्मा एवं स्मैक, गांजा, हेरोइन, नशीले इंजे शन इत्यादि अवैध मादक का कारोबार करने वाले अपराधियों पर प्रतिबंध लगाने के लिए आपरेशन' लीन स्वीप लॉन्च किया गया है। अभियान के तहत ड्रग्स की तस्करी, व्यापार में लिप्त व्यक्तियों की सूचना प्रदान करने के लिए मंडला पुलिस द्वारा नारकोटिस हेल्पलाईन मोबाईल न बर 7587644166 जारी किया गया। उक्त नंबर पर किसी भी समय कॉल या व्हाट्सएप पर नशे के अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों से संबंधित सूचनाएं अभगन द्वारा पुलिस को दी जा सकेगी। उक्त कार्यवाही एसडीओपी मंडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत, कामेश धूमकेती, प्रीति वर्मा, सउनि भुवनेश्वर वामनकर, मनोज मिश्र, आरक्षक अमित गरवार, मार्नसिंह परस्ते, जफर खान, अवशी, सुंदर भलावी, हलु मर्क्वे, पुनीत जंघेला, नेट्टे, संतराम, योगेश, नंदकिशोर महिला आरक्षक राखी बघेल, इकिका चौधरी चालक आरक्षक वुलेश द्वारा की गई।

चार दिन से लापता थी महिला, पुलिस जांच में जुटी

मंडला यशोः- नगर के सिंहवाहनी वार्ड अंतर्गत नर्मदा नदी के नावघाट में मंगलवार को एक महिला का शव उतराता हुआ देखा गया। स्थानीय लोगों ने शव को देखे जाने की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से निकाल कर जरूरी औपचारिकताओं के बाद पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। महिला की पहचान मोहनिया पटपरा निवासी ऊमरराज महिला हल्की बाई के तौर पर हुई है जो विगत चार दिनों से गायब थी और उसकी तलाश की जा रही थी। एडीशनल एसपी गजेंद्र सिंह कंवर ने बताया कि मोहनिया पटपरा निवासी महिला हल्की बाई करीब चार दिन पहले घर से परते लेने के लिए गई हुई थी जिसके बाद से वह गायब थी। सोमवार को उसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज किए जाने के बाद महिला की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान नर्मदा तट पर महिला का शव पाया गया। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

आजाद वार्ड में चलाया गया सफाई अभियान

मंडला यशोः- आजाद वार्ड के खजांची घाट में नगरपालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड पार्षद सुधीर मिश्रा झब्बू ने बताया कि यहां घाट में पिछले कई दिनों से सफाई नहीं होने से गंदगी हो गई थी। इसलिए यहां नगरपालिका के कर्मचारियों के सहयोग से सफाई अभियान चलाकर घाट को साफ किया गया।

दैनिक वेतनभोगियों की मृत्यु पर दें 2 लाख 25 हजार रू. की अनुकंपा अनुदान राशि - करोसिया

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने नगरीय निकायों एवं विभिन्न संस्थाओं के सफाई कर्मचारियों के हितों से संबंधित समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

मंडला यशोः- 5 एवं 6 जुलाई को राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप करोसिया मंडला ज़िले के दौर पर थे। श्री करोसिया ने 6 जुलाई को प्रातः 11 बजे से योजना भवन में ज़िले के सभी नगरीय निकायों, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं सफाई कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतनभोगी, विनियमित कर्मचारी तथा स्थायी कर्मचारियों के वेतन एवं उन्हें मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों का माह की 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से वेतन नियमानुसार प्रदान कर दिया जाए। सभी सीएमओ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को अनुकंपा अनुदान नियुक्ति के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित 2 लाख 25 हजार रूपए की राशि प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिन्हें अब तक अनुकंपा अनुदान 1 लाख 25 हजार रुपये दिए गए हैं उन्हें 15 दिनों के भीतर अतिरिक्त राशि का भुगतान प्राथमिकता के साथ करें।

आयोग के अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश सरकार के समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के पालन में सफाई कामगारों को ग्रेच्युटी का प्रावधान है। सभी संबंधित अधिकारी एक माह के भीतर ग्रेच्युटी संबंधी नियमानुसार लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने मंडला, बिछिया, निवास, नगरीय निकायों की समीक्षा करते हुए इनमें कार्यरत सफाई कर्मचारियों के वेतन, स्वास्थ्य परीक्षण, जरूरी टिकट वितरण एवं आर्थिक लाभों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा रखे गए अंशकालिक कर्मचारियों के वेतन से संतोष जताया। श्री करोसिया ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की सफाई कर्मचारियों ईपीएफएवं ईएसआई की प्रक्रिया भी समय पर पूर्ण करें। साथ ही इन्हें डायरी भी प्रदान करें। उन्होने सभी नगरीय निकायों से अनुकंपा नियुक्ति के लिए लंबित प्रकरणों तथा पदों की जानकारी ली। अध्यक्ष ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति या गंभीर बीमारी से ग्रसित होने पर मिलने वाली अन्य नियुक्तियों के संबंध में भी शासन के दिशा-निर्देशों के अधीन कार्यवाही पूर्ण करें।

रोगी कल्याण समिति से नियमानुसार वेतन दें

आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत रखे गए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को उनके समयानुसार कले ट्रेट की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार ही वेतन दें। उन्होंने सीएमएचओ से संबंधित कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि कार्यरत कर्मचारियों का पंचनामा बनाकर उनके स्वास्थ्य परीक्षण, उनके निर्धारित समयानुसार वेतन तथा कब से कार्यरत हैं, इसके संबंध में जानकारी आयोग को बनाकर भेजें।

आदिवासी विकास विभाग की हुई समीक्षा

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास में उनके विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति तथा जनजाति के कल्याण के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान छात्रों का स का मान, सफाई कर्मचारियों के बच्चों का स मान, वाल्मीकि प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की व्यवस्था करें। उन्होने ज़िले के छात्रावासों, सामुदायिक भवनों एवं स्वच्छता परिसरों में स्थानीय कामगारों को काम दें

आयोग के अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के 2007 एवं 2015 के विभिन्न राजपत्रों में जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कर्मचारियों के स्थायीकरण, उनकी ग्रेच्युटी, उनके आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा के संबंध में किए गए प्रावधानों का संकेतनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ पालन कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में रिक्त पदों की जानकारी भी ली। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति के पदों के बारे में भी पूछा।

प्रशिक्षण एवं सामुदायिक भवन की करें व्यवस्था

म.प्र. सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि सफाई कामगारों के बच्चे एवं परिवारों के शहरी अधिकरण के माध्यम से सिलाई, कढाई, बुनाई आदि प्रशिक्षण की व्यवस्था करें। इसी प्रकार उनके आर्थिक सशक्तीकरण के लिए समय-समय पर लोन मेले का आयोजन भी करें। श्री करोसिया ने कले टर मंडला को निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारी वर्ग के विभिन्न आयोजनों के लिए लगभग सामुदायिक भवन बनाने की व्यवस्था भी करें ताकि इस वर्ग के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक रूप से सहयोग भी मिले तथा उनका जीवन स्तर भी बेहतर हो। कार्यक्रम के अंत में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन एवं समय-समय पर आयोग को पालन रिपोर्ट भेजने का आश्वासन दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, एडीएम मीना मसराम, एएसीपी गजेन्द्र कवर, सभी सीएमओ, सफाई कर्मचारी एवं मजदूर संगठन के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना

मंडला यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास विभाग के माध्यम से मु यमंत्री कौशल कमाओ योजना (सीखो कमाओ योजना) प्रारंभ की गई है। राज्य शासन द्वारा औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवाओं को पंजीकृत औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ऑन-द-जॉब-ट्रेनिंग की सुविधा देने हेतु मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना प्रारंभ की गई है। योजना का मु य उद्देश्य युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाकर उन्हें शासन की ओर से स्टायफण्ड उपलब्ध कराना तथा उन्हें भविष्य के लिए प्रशिक्षण दिलाकर बेहतर समृद्ध हेतु तैयार करना है। योजना हेतु आवेदक की आयु कम से कम 18 तथा अधिकतम 29 वर्ष होनी चाहिए तथा आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो एवं आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, आईटीआई उत्तीर्ण, उच्च खेगी। 4 जुलाई से युवाओं का पंजीयन प्रारंभ हो गया है।

योजना के अंतर्गत भाग लेने हेतु प्रतिष्ठानों, उद्योगों के संबंध में अवगत कराया कि उनके पास पेन एवं जीएसटी पंजीयन उपलब्ध होना चाहिए। प्रतिष्ठान अपने कुल कार्यबल का 15 प्रतिशत युवाओं को प्रशिक्षण दे सकते हैं। योजना अंतर्गत स्टायफंड की राशि 8000 से 10000 के बीच होगी। (कोर्स के हिसाब से) जिसमें 25 प्रतिशत राशि प्रतिष्ठान द्वारा तथा 75 प्रतिशत राशि शासन द्वारा खाते में डाली जाएगी। प्रशिक्षण के उपरांत मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। जीएमडीआईसी ने बताया कि योजना के संबंध में किसी प्रकार की कठिनाई, समस्या आने पर वे महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एन.के. वास्कले के मोबाईल नंबर 9826210115 अथवा प्राचार्य आईटीआई बारएएस0 वरकड़े से मोबाईल नंबर 9407494351 पर संपर्क कर सकते हैं।

शिक्षकविहीन शालाओं में लें अतिशेष शिक्षकों की सेवाएँ - कुलस्ते

समीक्षा बैठक में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ने दिए निर्देश

मंडला यशोः- केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि शैक्षणिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं। शाला भवनों की मर मत पर विशेष ध्यान दें। भवनविहीन स्कूलों में भवन स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजे। श्री कुलस्ते ने निर्देशित किया कि अतिशेष शिक्षकों की सेवाएं शिक्षकविहीन एवं एक शिक्षकीय शालाओं में लेना सुनिश्चित करें।

केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री कुलस्ते ने कहा कि जल-जीवन मिशन के कार्यों को जल्द पूरा करें। संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर सुनिश्चित करें कि कोई भी ग्राम योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जल-जीवन मिशन के कार्यों के दौरान सड़कों में हुई टूट-फूट की समुचित गुणवत्ता के साथ मर मत कराएं। केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ने हालोन परियोजना की कमजोर प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों से संबंधित विभागों की समीक्षा के दौरान श्री कुलस्ते ने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि ट्रॉसफार्मर, खा ये एवं तार आदि की जांच कराएं तथा आवश्यकतानुसार उन्हें सुधारने अथवा बदलने की कार्यवाही करें। कार्यों में स्थानीय श्रमिकों का भी नियोजन सुनिश्चित करें। श्री कुलस्ते ने निर्देशित किया कि स्वामित्व योजना के हितग्राहियों को शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ दिलाएं। प्रधानमंत्री कृषक स मान निधि के तहत असरूल खातों को जल्द ठीक कराएं। बैठक में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने मु यमंत्री आवासीय भू-अधिकार, धारणाधिकार, खनिज, जनजातीय कार्यविभाग आदि से संबंधित संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रानी बाटड, अपर कले टर मीना मसराम, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

स्व-सहायता समूह बैंक लिंकेज कार्यक्रम संपन्न

मंडला यशोः-'बैंक ऑफ इंडिया' के जबलपुर अंचल के तत्वाधान में ग्राम बीजाडांडी के मंगल भवन कार्यस्थल पर स्व-सहायता समूह बैंक लिंकेज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक के कार्यपलक निदेशक स्वरुप दासगुप्ता, एनबीजी (म.प्र. एवं छ.ग.) के महाप्रबंधक लोकेश कृष्ण एवं जबलपुर अंचल के आंचलिक प्रबंधक राजेश रंजन के उद्बोधन एवं मार्गदर्शन में हमारे बैंक की बीजाडांडी शाखा के द्वारा 100 स्व-सहायता समूह का बैंक लिंकेज 2 करोड़ 55 लाख किया गया एवं स्टार सखी योजना के अंतर्गत 3 महिलाओं को मुद्रा ऋण भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में बैंक के कार्यपलक निदेशक स्वरुप दासगुप्ता एवं महाप्रबंधक लोकेश कृष्ण द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रदत्त ऋण राशि के चैक एवं स्वीकृति पत्र वितरित किये गए। उक्त कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की लगभग 300 महिलाओं सहित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक बी.डी. भैसरे, जिला प्रबंधक (सूक्ष्म वित्त) सीमा झारिया, विकासखंड प्रबंधक आजीविका मिशन साहेबलाल सूर्यवंशी, बैंक के शाखा प्रबंधक हर्षित सिंह और बैंक तथा आजीविका मिशन के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं के अलावा अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

11 अगस्त तक जनसं यास्थिरीयकरण विशेष अभियान

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि भारत सरकार के निर्देशन में प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसं या दिवस मनाया जाएगा। विश्व जनसं या दिवस प्रजनन स्वास्थ्य का महत्व एवं समग्र विकास योजनाएं व कार्यक्रम पर केंद्रित हैं। जनसं या स्थिरीकरण को साकार करने के लिए प्रत्येक योग्य हितग्राही तक परिवार नियोजन का महत्व संदेशों एवं साधनों को पहुचाने की आवश्यकता है जो कि दो भागों में विभाजित है। 27 जून 2023 से 10 जुलाई 2023 तक संपर्क एवं 11 जुलाई 2023 से 11 अगस्त 2023 सेवाएं दी जाएंगी।

सिविल अस्पताल नैनपुर में 27 जून 2023 से 5 जुलाई 2023 तक दंपत्ति से संपर्क कर परिवार नियोजन के अस्थाई/स्थाई साधनों के बारें में परामर्श देकर सूचीबद्ध की गई कुल लक्ष्य द पत्ति से स पर्क-6800, इन्जे शन अंतरा परामर्श परामर्श-50, पी.पी.आई यू.सी.डी परामर्श-102, आई यू.सी.डी परामर्श 150, एल.टी.टी. परामर्श-20 एन.एस.व्ही.टी. परामर्श-5, ओरल पिल्स परामर्श 200 तथा कंडोम परामर्श -300 है। इसी प्रकार विकासखण्ड बीजाडांडी में 27 जून 2023 से 5 जुलाई 2023 तक दंपत्ति से संपर्क कर परिवार नियोजन के अस्थाई/स्थाई साधनों के बारें में परामर्श देकर सूचीबद्ध की गई कुल लक्ष्य द पत्ति से स पर्क-124, आई यू.सी.डी परामर्श 15, एल.टी.टी. परामर्श-19, एन.एस.व्ही. टी. परामर्श-28, ओरल पिल्स परामर्श-28, छाया टेबलेट परामर्श-17 तथा कंडोम परामर्श-25 है। मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आगे बताया कि 11 जुलाई 2023 से 11 अगस्त 2023 सूचीबद्ध हितग्राही दंपत्तियों को सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

दस्तक अभियान प्रथम चरण का आयोजन 18 जुलाई से

मंडला यशोः-मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्रीनाथ सिंह ने जानकारी दी कि प्रदेश में बाल स्वास्थ्य एवं पोषण वृद्धि हेतु शासन द्वारा सतत् प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में दस्तक अभियान प्रदेश की एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जिसका आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से वर्ष 2017 से प्रतिवर्ष लगातार किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत 5 वर्ष उम्र तक के बच्चों में प्रमुख बाल्यकालीन बीमारियों की सक्रिय पहचान एवं प्रबंधन किया जाता है, ताकि बाल मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। वर्ष 2023-24 में दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से 18 जुलाई से 31 अगस्त 2023 तक किया जाना है। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं के संयुक्त दल द्वारा 5 वर्ष तक के बच्चों के घर-घर जाकर उनकी चिकित्सीय जांच एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित करने हेतु समुदाय में बीमार नवजातों और बच्चों की पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल किया जाएगा।

इसी प्रकार 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान रेफरल एवं प्रबंधन, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओ.आर.एस. एवं जिंक उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता एवं प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओ.आर.एस. पहुँचाना, (सघन दस्त रोग पखवाड़ा-आई.डी.सी.एफ. गतिविधि का आयोजन) 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान, 5 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों में श्रवणबाधिता एवं दृष्टिकोण की पहचान/पुष्टि कर आरबीएसके के कार्यक्रम में पंजीयन कर उपचारित करना, समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति संबंधी समझाईश समुदय को देना, एसएन.सी.यू. एवं एन.आर.सी. से छुट्टी प्राप्त बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप को प्रोत्साहन तथा गृहभेंट के दौरान आंकिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुये बच्चों की टीकाकरण की स्थिति की जानकारी लेना शामिल हैं।

जिले की औसत वर्षा की जानकारी

मंडला यशोः- जिले में इस वर्ष 1 जून से 5 जुलाई 2023 के दौरान 306.1 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधित क गत वर्ष 220.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 86 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को मंडला में 1 मि.मी., निवास में 2 मि.मी., घुघरी में 6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 5 जुलाई 2023 को 1.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

प्राथमिक शाला बिरसा स्कूल भवन का जर्जर छज्जा छात्र पर गिरा

सरकारी स्कूलों मेंटनेंस की राशि में गोलमाल

मंडला यशोः- जिले की शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं का मर मत कार्य किया जा रहा है, जिससे भवन से कोई हादसा ना हो, और बच्चों को कोई नुकसान ना पहुंचे, लेकिन जिले की शैक्षणिक संस्थाओं की मर मत कार्य में हद दर्जे की लापरवाही बरती जा रही है। यह कैसा मरममत का कार्य किया जा रहा है, कि लाखों खर्चे मर मत के नाम पर किया जा रहा है और मर मत दिख नहीं रही है। जिले के अन्य विकासखंडों में भी यही हॉल है। जहां मर मत के नाम पर लाखों की राशि का बंदरबाट किया जा रहा है।

बता दे कि जि मेदारों की इस लापरवाही का खामियाजा नौनिहालों को भुगतना पड़ रहा है। एक ऐसा ही मामला लापरवाही का विकासखंड बिछिया के शासकीय प्राथमिक शाला बिरसा के स्कूल भवन का सामने आया है। जहां स्कूल भवन का जर्जर छज्जा सोमवार सुबह स्कूल समय में एक कक्षा तीसरे के छात्र के ऊपर गिर गया। जिससे छात्र बुरी तरह घायल हो गया और छात्र का एक पैर फ्रैक्चर भी हो गया। जिसे तत्काल उपचार के लिए ले जाया गया। बताया गया कि जिले के शैक्षणिक संस्थानों की मर मत का कार्य में करोड़ों रूपए खर्च किए जा रहे है, जिसके लिए ठेकेदारों को स्कूल भवन की मर मत का कार्य दिया गया है। लेकिन इन कार्यो की मॉनिटरिंग तक नहीं की जा रही है। जि मेदार आंख बंद कर रब्ब कुछ देखते हुए संरक्षण दे रहे है। वहीं कुछ ठेकेदारों ने भी इस कार्य को अन्य ठेकेदारों को मर मत कार्य दे दिया है, जिसके कारण गुणवत्तायुक्त कार्य नही किया जा रहा है। जिन लोगो को मर मत कार्य की जि मेदारी सौंपी है वो भी दूसरे ठेकेदार से अपना कमीशन लेकर अपनी आंखों पर पट्टी बांधे हुए है।

तीसरी कक्षा के छात्रा के ऊपर गिरा छज्जा

बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने बताया कि बिछिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरसा में कक्षा तीसरी में पढ़ने वाला छात्र पंकज झारिया शासन, प्रशासन की लापरवाही का शिकार हो गया है। यहां जि मेदार लापरवाही बरतते हुए अनदेखी किए है। जिसके कारण छात्र इस दुर्घटना का शिकार हो गया। छात्र पंकज के ऊपर स्कूल भवन का छज्जा गिर गया। बताया गया कि विकासखंड बिछिया के शासकीय प्राथमिक शाला बिरसा का स्कूल भवन जर्जर है। जिसमे स्कूल संचालित किया जा रहा है। इस जर्जर भवन का छज्जा भी जर्जरया, जिसका शिकार छात्र पंकज सुबह करीब 11 बजे हो गया। यह घटना तब हुई जब स्कूल लगा था। इस घटना में छात्र पंकज झारिया जर्जर छज्जे की चोट में आने से गंभीर घायल हो गया, मासूम बच्चे का एक पैर फ्रैक्चर हो गया है। बताया गया कि शासन, प्रशासन से कई बार जर्जर स्कूलों के भवनो के सुधार व नवीन निर्माण की मांग की है लेकिन बीते पांच साल में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल भवनों के नवीन निर्माण तो दूर की बात है, सुधार कार्य के लिए तक राशि नही दी गई है। जिसके कारण आज यह हादसा हो गया और एक छात्र इसकी चपेट में आ गया।

न्यायालय तहसीलदार मण्डला, जिला मण्डला

क्र./प्रस्तु./तह./2023/158 मण्डला, दिनांक 26.06.2.23

सूचना-पत्र

अध्यक्ष, स्वामी रामकृष्ण परमहंस संस्था, मां शारदा सेवा समिति मण्डला ....आवेदक
विरूद्ध

मध्यप्रदेश शासन ..... अनावेदक

विषयः- स्वामी रामकृष्ण परमहंस संस्था, मां शारदा सेवा समिति मण्डला द्वारा ट्रेनिंग सेंटर एण्ड स्कूल हेतु भूमि हस्तांतरण बाबत्।

-0-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अध्यक्ष, स्वामी रामकृष्ण परमहंस संस्था, मां शारदा सेवा समिति मण्डला द्वारा ट्रेनिंग सेंटर एण्ड स्कल हेतु ग्राम सगर, खसरा नं. 95, रा.नि.मं. पौंडीभाल स्थित शासकीय भूमि ख.न. 468 रकबा 5.990 हे. की मांग करने संबंधी आवेदन कले क्टर मण्डला के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में जांच हेतु गतिशील है।

अतः उक्त भूमि उमरोक्तानुसार विभाग/कार्य हेतु आबंटन के संबंध में सर्वसाधारण को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा हो, तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 17.07.2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्रस्तुत दावा/आपत्ति विचार योग्य नही होंगे।

सूचना आज दिनांक 26.06.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

पदमुद्र सहित हस्ताक्षर
तहसीलदार
मण्डला

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीआवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मदन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297